# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–94/2024*

## राजभवन में गुजरात दिवस का आयोजन किया गया

**पटना, 01 मई, 2024 :–** माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन, बिहार के राजेन्द्र मंडप में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित गुजरात के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह प्रदेश वाईब्रेंट गुजरात (Vibrant Gujarat) के रूप में जाना जाता है तथा औद्योगिक प्रगति के क्षेत्र में पूरे देश के सामने इसने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमें गुजरात का उदाहरण सामने रखकर बिहार के विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार में गुजरात के लोग बिहारी बनकर ही रह रहे हैं और बिहार के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। भारत के विभिन्न राज्यों के लोग जिस राज्य में रहते हैं उसे अपना मानकर वहाँ की प्रगति में योगदान देते हैं। इससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का सपना पूरा होता है।

राज्यपाल ने लोकसभा चुनाव के आगामी सभी चरणों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्त्तव्य भी है। मतदान के दिन हमें सब काम छोड़कर मतदान करने को प्राथमिकता देना चाहिए।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता, महात्मा गाँधी एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर गुजराती संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में गुजरात के माननीय राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम को पटना उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री विपुल एम० पंचोली, बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री रवि मनुभाई परमार एवं अन्य लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, बिहार में पदस्थापित गुजरात के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले गुजरात के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे गुजरात के महानुभावगण एवं उनके परिजन, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

.........................................